**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक 21.04.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही**

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान परिक्षेत्राधीन सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा अन्तर्गत सारण मुख्य नहर के वि0दू0 171.27 से 215.00 तक एवं मढ़ौरा शाखा नहर के वि0दू0 0.00 से 180.90 तक कालीकृत सड़क निर्माण कार्य के अवशेष कार्य हेतु निविदादाता से प्राप्त तकनीकी बिड पर तकनीकी बिड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर विचार हेतु आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों ने भाग लियाः–

(1) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
(2) ई0 अनवर जमील, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
(3) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।
(4) ई0 रजी हैदर, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान। (ऑनलाईन)

**(A) कार्य की विवरणी:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | सारण मुख्य नहर के वि0दू0 171.27 से 215.00 तक एवं मढ़ौरा शाखा नहर के वि0दू0 0.00 से 180.90 तक कालीकृत सड़क निर्माण कार्य के अवशेष कार्य। |
| (ii) | प्रशासनिक स्वीकृति | :- | रू0 20886.90 लाख, विभागीय पत्रांक 1348 दिनांक 15.12.2017 |
| (iii) | प्रकाशन विवरणी | :- | पुनर्निविदा<br>निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 02SBD/2025-26 Dainik Jagran, Patna Dt. 28.01.2026 & Economics Times, Delhi Dt. 28.01.2026 & Hindustan Times, Patna Dt. 28.01.2026 PR No.-022524 (WRD) 2025-26 |
| (iv) | परिमाण विपत्र की राशि | :- | रू0 518.99 लाख |
| (v) | अग्रधन की राशि | :- | रू0 10.38 लाख |
| (vi) | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :- | 19.02.2026 |
| (vii) | कार्य पूर्ण करने की तिथि | :- | तीन माह |
| (viii) | प्राप्त निविदा की संख्या | :- | 01 (एक) अदद |
| (ix) | प्रमंडल का नाम | :- | सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा |
| (x) | तकनीकी बिड निष्पादन की तिथि | :- | दिनांक 13.04.2026 |

**(B) समीक्षा:–**

विषयक कार्य हेतु प्रथम बार निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 01 SBD/2025-26 (पी0आर0 सं0–013230 (WRD) 2025–26) से निविदा आमंत्रित किया गया, जिसमें एक अदद् निविदादाता द्वारा भाग लिया गया। उक्त निविदा के मूल्यांकन हेतु दिनांक 16.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में भाग लिये गये एक अदद् निविदादाता को तकनीकी बिड मे सफल पाया गया। तदोपरांत विभागीय पत्रांक 2115 दिनांक 16.12.2025 से मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान को पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु निदेशित किया गया।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान का पत्रांक 946 दिनांक 16.03.2026 से निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 02 SBD/2025-26 (पी0आर0 सं0–022524 (WRD) 2025–26) हेतु ई–टेंडरिंग से प्राप्त एक अदद् निविदादाता के निविदा अभिलेखों एवं प्रस्तुत तुलनात्मक विवरणी के समीक्षोपरान्त निम्नांकित स्थिति पायी गयी :–

1. **M/S ANANYA ASHUTOSH INFRASTRUCTURE PVT. LTD., 57, Ramjanki Bhawan, Saketpuri, Machli Toli, Near Ashoka Tower, Raja Bazar, Patna-800014. :-**
   - इनके द्वारा तकनीकी बिड में सफल होने की वांछित अहर्ता से संबंधित सभी अभिलेख संलग्न किये गये हैं।

अतः ये तकनीकी बिड के वाँछित अहर्ता को पूर्ण करते हैं।

**(C) विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-**

सम्यक् समीक्षोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय तकनीकी बिड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुये तकनीकी बिड में सफल कुल 01 (एक) अदद् निविदादाता **M/S ANANYA ASHUTOSH INFRASTRUCTURE PVT. LTD.**, 57, Ramjanki Bhawan, Saketpuri, Machli Toli, Near Ashoka Tower, Raja Bazar, Patna-800014 के वित्तीय बिड को खोलकर तुलनात्मक विवरणी तैयार कर उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान को निदेशित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21/4/26 | 21/4/26 | 21.04.26 | 21/4 |
| (अरविन्द कुमार वर्मा) | (रजी हैदर) | (अनवर जमील) | (संतोष कुमार मल्ल) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना। | मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान। | अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना। | प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना। |

ज्ञापांकः— मो0 2—सिवान—136 / 2025— 808 पटना / दिनांकः— 22/04/2026

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

22/04/26

(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—02

ज्ञापांकः— मो0 2—सिवान—136 / 2025— 808 पटना / दिनांकः— 22/04/2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, IT Centre, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/04/26

(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता,
योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—02